## स्पीड न्यूज

### डीसी से मिला भाकपा प्रतिनिधिमंडल



**लोहरदगा।** भारत की कम्यूनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी लोहरदगा का प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त वाघमारे प्रसाद कृष्ण से मिल कर लोहरदगा जिले में व्याप्त बिजली और पानी की अनियमित आपूर्ति को दुरुस्त करने से सबंधित ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने डीसी को बताया कि बिजली समस्या से जनता हल्कान है। सारे उद्योग धंधों खास कर छोटे उद्योगों, दुकानदार, फोटो स्टूडियो इत्यादि के काम पर बुरा असर पड़ रहा है। मौके पर प्रतिनिधि मंडल इन समस्याओं को अति शीघ्र दूर करने का डीसी से अनुरोध किया। प्रतिनिधि मंडल में दिलीप कुमार वर्मा, विनोद भगत, राम ध्यान भगत,शमशुल होदा शामिल थे।

### आम चुनाव की तैयारी को लेकर बैठक



**घाघरा।** प्रखंड कार्यालय परिसर के सभागार में मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य 2023 और लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर बीएलओ की बैठक सोमवार को हुई। कंप्यूटर ऑपरेटर संतोष उराव ने बीएलओ एप की विस्तृत जानकारी दी। वहीं पंचायती राज पदाधिकारी शंकर साहू ने सभी बीएलओ कर्मियों को मतदाता सूची में नाम जोड़ने-हटाने को लेकर कार्यों में तेजी लाने को कहा। साथ ही 18 वर्ष के नये मतदाता के लिए घर-घर जाकर नाम जोड़ने की बात कही। कार्यालय से मिले प्रपत्र 6 ,7 और 8 भरे। मृत व्यक्ति का नाम मतदाता सूची से हटाए। कोई भी नए मतदाता न छूटे। मौके पर संतोष उराव सहित कई बीएलओ उपस्थित थे।

### तालाब में डूबने से बच्चे की मौत

**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के बरवेनगर तालाब में फुलवारटोली गांव निवासी अभय खलखो के पांच वर्षीय पुत्र अतुल खलखो की डूबने से मौत हो गई। घटना दोपहर 12:30 बजे की है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार अतुल अपने पिता के साथ मछली मारने बरवेनगर तलाब गया हुआ था। जिसके बाद उसके पिता मछली मारने तलाब में उतरे। अतुल भी तलाब के बगल में ही था। जिसके बाद संभवत: वह भी पानी में उतरने की कोशिश की। जिससे उसका पांव फिसला गया और वह तलाब में डूब गया। जानकारी मिलने पर चैनपुर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए गुमला भेज दिया।

### जंगल की कटाई रोकने का संकल्प

**डुमरी।** डुमरी प्रखंड के अनाबिरी गांव में वनों की कटाई रोकने के लिए सोमवार को ग्राम सभा की गयी। जिसकी अध्यक्षता अनाबिरी के प्रधान ध्रुवा मुंडा ने की। बैठक में वनों की कटाई व उसकी रक्षा का संकल्प लिया गया। ग्रामीणों ने कहा कि वनो के लगातार दोहन से उन्हें प्राकृतिक आपदा का शिकार होना पड़ रहा है। वन रहेंगे तो जीवन रहेगा। वहीं वनो की रक्षा के साथ बैठक में कई अन्य बिंदुओं पर चर्चा की गयी। जिसमें महिलाओं को प्रसव हमेशा हॉस्पिटल में ही करवाने का सुझाव दिया गया। अनाबिरी का रास्ता जर्जर है। पिया फाउंडेशन के अधिकारियों ने भी गांव वालों को जागरूक किया। बैठक में ललन साहू, पारसनाथ दास, थादियुस कुजूर, बशील बडां, आरती देवी, आनंदित टोप्पो, संदीप लकड़ा आदि मौजूद थे।

### जनजातीय समुदाय को स्वशासन का अधिकार देता है पत्थलगड़ी : चैतु उरांव



**गुमला।** पत्थलगड़ी के वार्षिक वर्षगांठ को लेकर सोमवार को बसिया प्रखंड के लोहड़ी में समारोह किया गया। जिसमें सामाजिक कार्यकर्ता सह जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चैतु उरांव शामिल हुए। चैतु ने कहा कि पत्थलगड़ी संविधान के पंचायत से जुड़े प्रावधानों के साथ अनुसूचित क्षेत्रों तक को विस्तारित करता है। यह जनजातीय समुदाय को भी स्वशासन का अधिकार प्रदान करता है। इसका उद्देश्य सहयोगी लोकतन्त्र के तहत ग्राम प्रशासन स्थापित करना और ग्राम सभा को सभी गठिविधियों का केंद्र बनाना है। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में नृत्य व गीत प्रस्तुत किया। मौके पर रश्मि भगत, बिंदेश्वर पहान, गौसाई पुजारी, शशी भगत, बसंत उरांव, मंदिराम उरांव, तुलसी उरांव, सरोजिनी उरांव सहित सात पहड़ा समूह के लोग व सरना धर्मावलंबी उपस्थित थे।

### हत्या की नीयत से घर में घुसने वाले पांच आरोपियों को 10-10 साल जेल

**गुमला।** गुमला थाना क्षेत्र के वृंदा नायकटोली निवासी विनिता उरांव के परिजनों की हत्या करने के प्रयास करने वाले पांच आरोपियों को एडीजे चार अंजनी अनुज की अदालत ने 10-10 साल की कारवास की सजा सुनाया है। आरोपी रामनारायण गोप, राम किशुन गोप, रमेश गोप, सोमनाथ गोप व परमेश्वर गोप को धारा 307/149 के तहत 10-10 साल की सजा व 50-50 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। जुमार्ना की राशि नहीं देने पर एक एक साल अतिरिक्त सजा भुगतना पड़ सकता है। घटना पांच मई 2020 की है। जिसके अगले दिन विनिता ने गुमला थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी थी। जिसमें कहा है कि उस समय विनिता उरांव अपने बच्चों के साथ खाना खाकर घर में सोने कि तैयारी कर रही थी। उसी रात्रि 8:30 बजे कुछ व्यक्ति उसके घर के पास आकर दरवाजे में लात मारा और गाली गलौज करते हुए कहने लगा कि दरवाजा खोलो आज तुमलोगों को खत्म कर देंगे। जैसे ही एक व्यक्ति मेरे घर में प्रवेश किया। वैसे ही विनिता ने अपने परिवार की जान बचाने की नीयत से उस पर कुल्हाड़ी से वार कर दिया। जिसके बाद वह व्यक्ति पीठ के बल गिर गया। जिसे उसके साथी ने अपने कंधा में लाद कर ले गये। जिसके अगले दिन बसंत गोप का शव वृंदा जंगल से मिला।

### डायन बिसाही के शक में दंपती की हत्या के 11 अभियुक्तों को आजीवन कारावास

**गुमला।** डायन बिसाही के शक में सिसई प्रखंड के अरको महुआटोली पुसो की वृद्ध दंपति विगनी देवी व सहदेव उरांव की हत्या के 11 आरोपियों को एडीजे वन दुर्गेश चंद्र अवस्थी की अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुनायी। मामले में अरको महुआटोली पुसो के फुलचंद उरांव, बुद्धेश्वर उरांव, महेश उरांव, सुरेश उरांव, सुखराम उरांव, सुमित उरांव, परमेश्वर उरांव, फूलमनी देवी, सीता देवी, रामचंद्र महतो, लाला उरांव को 302/34 में आजीवन कारावास की सजा व 25-25 हजार जुर्माना लगा है। जुर्माना नहीं देने पर एक साल अतिरिक्त सजा भुगतना पड़ सकता है। अरको महुआ टोली के बालेश्वर उरांव ने वृद्ध माता पिता की हत्या के आरोप में कुल सात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करायी थी।

# बच्चों को आसान तरीके से शिक्षा देना अच्छी बात : उपायुक्त

■ बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान (एफएलएन) विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला सोमवार को सदर प्रखंड स्थित नया नगर भवन में आयोजित किया गया। उद्घाटन उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण व शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों ने दीप प्रज्वलित कर किया।

उपायुक्त ने कहा कि बुनियादी शिक्षा को सदृढ़ करने के उद्देश्य से यह बहुत ही अच्छी पहल है। बच्चों को बहुत आसान तरीकों से शिक्षा दी जायेगी जो बहुत ही अच्छी बात है। इस कार्यशाला में भाग लेने वाले शिक्षकों को इसमें बताये जाने वाले तरीकों को अच्छी तरह सीखना चाहिए ताकि काम आसान हो सके। इसके माध्यम से अब बच्चे समय से आधारभूत साक्षरता एवं संख्यायुक्त का ज्ञान प्राप्त कर सकेंगे।

ज्ञात हो कि भारत की अध्यक्षता में पुणे में आयोजित होनेवाले जी-20 की बैठक में एफएलएन को इस बार थीम के रूप में चुना गया है। उपायुक्त ने वर्ग 1 से 3 तक के नये निपुण भारत के तहत एफ एल एन द्वारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और उसकी उपयोगिता और सार्थकता की भी जानकारी सभी शिक्षकों को बुनियादी स्तर पर दिये जाने का सुझाव दिया गया।

कार्यक्रम में जिला शिक्षा पदाधिकारी दास सुनंदा चंद्रमौलेश्वर द्वारा एफएलएन और निपुण भारत मिशन की जानकारी देते हुए विषय प्रवेश कराते हुए सभी शिक्षकों की महती भूमिका और उनके विद्यालय स्तर पर उपयोगिता पर भी प्रकाश डाला गया। सभी शिक्षकों को निपुण भारत मिशन के तहत वर्ग 1 से 3 के छात्रों को 2026-27 तक उनके बुनियादी शिक्षा एवं उनमें संख्यात्मक ज्ञान (एफ एल एन) लक्ष्य की प्राप्ति की भी जानकारी दी गयी। साथ ही उक्त कार्यक्रम में आप सभी शिक्षकों/प्रखंड और संकुल स्तर के कर्मियों की भी महत्वपूर्ण भूमिका निर्धारित की गयी है, की भी जानकारी दी गयी। उन्होंने कहा कि ऋछठ में बच्चे समय से आधारभूत साक्षरता एवं संख्यायुक्त का ज्ञान प्राप्त कर सकेंगे। समुदाय की सहभागिता इस कार्यक्रम की अमूल्य कड़ी है। विद्यालय स्तर पर सामुदायिक फोरम को सशक्त किया जाना आवश्यक है।



दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन करते अतिथि व उपस्थित अन्य।

#### क्या है एफएलएन

कार्यशाला में एपीओ अशोक कुमार पांडेय और एसीपी श्याम चौधरी ने पीपीटी और स्लाइड के माध्यम से निपुण भारत मिशन एवं एफ एल एन कार्यक्रम के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया, जिसके अनुसार वर्ष 2026-27 तक कक्षा 1 से 3 के बच्चों में शत प्रतिशत बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान विकसित किया जाना है। एफ एल एन किट के बारे में भी विस्तारपूर्वक बताया गया विशेषकर पैरेंटल, कैलेंडर एवं नूपुर रेडिसनेश, बिग बुक आदि पाठ्य पुस्तिका के बारे में सहित एफ एल एन किट एवं सामग्री की प्रदर्शनी भी लगायी गयी थी। उन्होंने आगे बताया कि इस योजना से बच्चों के विकास के लिए बहुत कारगर साबित होगी। निपुण भारत का संचालन शिक्षा और साक्षरता विभाग करेगा। यह योजना स्कूली शिक्षा कार्यक्रम समग्र शिक्षा का एक हिस्सा होगी। इस योजना को नई शिक्षा नीति के अंतर्गत आरंभ किया गया है। कार्यक्रम में अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी अभिषेक झा, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी अम्बुजया पांडेय, प्रमुख; पेशरार, कूडु, राज्य से एफ एल एन प्रतिनिधि सीमा, विश्वदीपक झा, सरिता एक्का, सपना सिंह, एसीपी श्याम कुमार चौधरी, एफएलएन केआरपी, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, प्रखंड स्तरीय मास्टर ट्रेनर, सभी प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी,सभी बीआरपी, सीआरपी, जिले के सभी प्रखण्ड के सभी विद्यालयों (1-8) के शिक्षक, पिरामल फाउंडेशन, सिनी टाटा ट्रस्ट आदि के प्रतिनिधि और प्रतिभागी उपस्थित थे।

# हथियार-गोली संग दो शातिर अपराधी गिरफ्तार, भेजा जेल

■ गिरफ्तार जुलियन मिंज पर सात और चंदन वर्मा पर 11 मामले दर्ज

■ एक मामले में चंदन वर्मा को हुआ है आजीवन कारवास की सजा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** अपराधकी घटना को अंजाम देने के फिराक में बैठे दो शातिर अपराधियों को हथियार व गोली के साथ गुमला पुलिस ने खड़ियापाड़ा के पास से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तार अभियुक्तों में सिसई रोड डुमरटोली निवासी जुनियन मिंज उर्फ जुलू व सिसई रोड के गांधी नगर निवासी चंदन वर्मा के नाम शामिल है। पुलिस ने इनके पास से एक देशी कट्टा, 315 बोर एक जिंदा गोली व एक खोखा, नाइन एमएम का दो जिंदा गोली व एक खोखा एवं एक मोबाईल बरामद किया है। इस संबंध में एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल व थाना प्रभारी मनोज कुमार ने गुमला थाना परिसर में प्रेस कान्फ्रेंस करते हुए बताया कि रविवार की रात लगभग 11 बजे गुप्त सूचना मिली की कुछ युवक खड़ियापाड़ा पुल के पास हथियार लेकर बैठे हैं और किसी घटना को अंजाम देने के फिराक में हैं। सूचना मिलने के बाद एसपी के निर्देश पर एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने छापामारी कर खड़ियापाड़ा के पास से जुलियन मिंज व चंदन वर्मा को खदेड़ कर पकड़ा।



गिरफ्तार अभियक्तों के साथ एसडीपीओ व थाना प्रभारी।

**खास बातें :** गिरफ्तार अभियुक्त चंदन मिंज की तलाशी के दौरान उसके पास से एक देशी कट्टा जिसके चेंबर में एक खोखा व पॉकेट से एक जिंदा गोली बरामद किया गया। जबकि चंदन वर्मा की तलाशी लेने पर दो जिंदा गोली व एक खोखा बरामद किया गया। जुलियन मिंज के खिलाफ गुमला थाना में सात व चंदन वर्मा के खिलाफ गुमला व सिसई थाना में हत्या, आर्म्स एक्ट सहित 11 मामले दर्ज हैं। एक मामले में चंदन वर्मा को आजीवन कारवास की सजा भी सुनायी गई है। छापामारी दल में पुअनि दिलीप टुडू, सअनि बबलू बेसरा व सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# हमारे समाज के लिए अभिशाप है बाल मजदूरी: मनोरमा एक्का

■ बच्चों के साथ अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस पर होप ने चलाया जागरूकता कार्यक्रम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिले की 11 पंचायतों में माता-पिता एवम बच्चों के साथ अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस में होप ने जागरूकता कार्यक्रम किया। बच्चों और उनके अभिभावकों को बतलाया गया कि बाल मजदूरी हमारे समाज के लिए एक अभिशाप है। उनको पढ़ने-खेलने का उचित अवसर उपलब्ध कराना हमारी जवाबदेही है।

कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों में बालश्रम को लेकर जागरूकता किया गया साथ हीं सुरक्षित गांव बनाने के लिए संकल्प भी लिया गया। होप की मैनेजिग ट्रस्टी मनोरमा एक्का के द्वारा बालश्रम के नुकसान के बारे में विस्तार से बतलाया गया और आज के दिन की महत्ता को समझाया गया कि खेलने, पढ़ने के उम्र में बच्चों से उनका बचपना छीनकर काम पर लगा दिया जा रहा है।

कुछ बच्चे तो मजबूरी में बाल मजदूर बनते हैं लेकिन हम सब का कर्तव्य है कि अपने आस पास के माहौल को बाल मजदूरी मुक्त बनायें। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अरविंद वर्मा, उज्जवल कुशवाहा, सोनम दुलारी उरांव, सुमन वर्मा और यशोदा उरांव का सहयोग रहा।



फोटो कैप्शन_4 जागरूकता कार्यक्रम का दृश्य।

# मोची परिवारों से मिलने अंबेडकर नगर पहुंचे उपायुक्त

■ डीसी ने चौपाल लगाकर किया समुदाय के लोगों से संवाद

■ 100 से अधिक परिवारों का लिया हाल-चाल

■ अपने बीच डीसी को देख गदगद हो गये बस्ती के लोग

■ कौशल विकास के लिए क्रमबद्ध तरीके से हो रहा है काम : उपायुक्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** उपायुक्त सुशांत गौरव सोमवार को दोपहर में अचानक शहरी क्षेत्र स्थित अंबेडकर नगर पहुंचे। वहां पहुंचकर उन्होंने सामुदायिक भवन में एकजुट मोची समुदाय के लोगों के साथ संवाद किया। उन्होंने मोची समाज के लोगों के बीच अपने आने का प्रयोजन रखते हुए विस्तार से बताया कि वह किस तरह से उनके सामाजिक आर्थिक उन्नयन के लिए योजना बना रहे हैं। उन्होंने मोची समुदाय के लोगों को बताया कि जिला प्रशासन उनके हुनर को बेहतर प्लेटफार्म देने, उनके युवाओं का कौशल विकास करने तथा शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अन्य सामाजिक आर्थिक परिस्थितियों को बेहतर करने के लिए नियोजित तरीके से काम कर रहा है। जल्द ही उनकी स्थिति में सकारात्मक बदलाव आयेगा। किंतु इसके लिए उन्होंने सभी से अपील की कि सरकार और प्रशासन के स्तर से सिर्फ संरचनात्मक या पूंजीगत मदद मिल सकती है। किंतु व्यवहार में परिवर्तन के लिए उन्हें खुद अंदर से जागना होगा तथा अपने समाज के युवाओं को भी जगाना होगा।



मोची परिवार के लोगों के साथ बैठक करते उपायुक्त।

**खास बातें :** उपायुक्त ने वहां मौजूद समुदाय के युवाओं से कहा कि वे अपने परंपरागत पेशे से संबंधित नयी तकनीकों को अपनाकर तथा बेहतर मार्केटिंग रणनीति बनाकर अपने व्यवसाय को वृहत रूप दे सकते हैं। वे चाहें तो अपनी शिक्षा के बलबूते भी अपने परिवार व समाज का नाम रोशन कर सकते हैं। अपने बीच उपायुक्त को इस प्रकार मित्रवत और अपनापन के साथ बातचीत करते देख बस्तीवासी बहुत खुश हुए। सभी ने अपने-अपने सुझाव और मांगों को उपायुक्त के समक्ष रखा। उपायुक्त ने अंत में कहा कि जो लोग स्वरोजगार करना चाहते हैं उन्हें विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से जोड़कर लाभ दिलाया जायेगा। महिलाओं को भी जेएसएलपीएस तथा एनयूएलएम के माध्यम से सशक्त बनाया जायेगा। युवाओं के कौशल विकास के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जायेगा तथा उत्पादों को बेहतर प्लेटफार्म देने के लिए सहकारिता का माध्यम अपनाकर नयी ऊंचाई दी जायेगी। लोगों से संवाद के बाद उन्होंने मुहल्ले में अवस्थित पुस्तकालय भवन का भी निरीक्षण किया तथा स्थानीय लोगों को आवश्यक सुझाव एवं निर्देश दिये।

### शिकायतकर्ता को तीन हजार देगी एसबीआइ

**गुमला।** जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग गुमला के द्वारा शिकायतकर्ता रायडीह प्रखंड के नवागढ़ के पोस्ट मास्टर अरुणा पुष्पा खलखो ने प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक पालकोट रोड गुमला शाखा द्वारा उनके वीजा क्रेडिट कार्ड आदेश प्राप्ति के 60 दिनों के अंदर बंद करने की शिकायत की थी। जिसकी सुनवाई करते हुए शिकायतकर्ता को मानसिक और शारीरिक परेशानी के लिए कुल 3000 मुआवजा देने का आदेश पारित किया गया है। वाद संख्या 22/2022 की सुनवाई के बाद आज आयोग के अध्यक्ष श्री ओम प्रकाश पांडेय और आयोग के सदस्य सैयद अली हसन फातमी ने यह फैसला सुनाया है।

### विधानसभावार भाजपा की बैठक की तिथि तय

**गुमला।** भारतीय जनता पार्टी गुमला जिला के तीनों विधानसभा में संयुक्त मोर्चा सम्मेलन को सफल बनाने हेतु प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार बिशुनपुर विधानसभा में 13 जून को चपका बगीचा में 10 बजे से, 14 जून को 10 बजे से सिसई जीता फना भदौली में, गुमला विस के लिए 15 जून को 10 बजे से बैरियर बगीचा मांझाटोली में बैठक रखी गयी है। इसे सफल बनाने हेतु जिला अध्यक्ष अनुपचंद्र अधिकारी ने जिलाधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक निर्देश दिये हैं।यह जानकारी जिला मीडिया प्रभारी अरविंद मिश्रा ने दी है।

### पॉक्सो एक्ट के दोषी को आजीवन करावास

**लोहरदगा।** जिले के स्पेशल पॉक्सो न्यायालय एडीजे 1 अखिलेश कुमार तिवारी ने सोमवार 12 जून को स्पेशल पॉक्सो नंबर 40/2020, लोहरदगा महिला थाना कांड संख्या 16/2020 के अभियुक्त बिनोद उरांव उम्र 55 वर्ष, पिता स्व सोमा उरांव, निवासी ग्राम बानडी बगडु, थाना बगडू जिला लोहरदगा को धारा 6 पॉक्सो एक्ट मे दोषी पाते हुए आजीवन करावास की सजा सुनायी। साथ में 25000/ रुपये का आर्थिक दंड की भी सजा सुनायी गयी। मामला 22/05/2020 को 7 वर्षीय नाबालिग बच्ची को खेलने के बहाने सुनसान टंगरा की ओर ले जाकर गलत कार्य कर रहा था की बच्ची की मां ढूंढ़ते हुए वहा आ गयी और सारी घटना को अपने आखों से देख ली। जिसके बाद मामले को बगडू थाना में दर्ज कराते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया गया था।

### विरोध का तरीका बदलने की मांग

**गुमला।** इन दिनों विभिन्न संगठनों द्वारा अपनी मांगों को लेकर लगातार बंद बुलायी जा रही है। इस बंदी से आमजनों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसपर चैंबर के पूर्व अध्यक्ष रमेश कुमार चीनी ने कहा कि कोई भी संगठन या व्यक्ति अपनी मांगों को लेकर विरोध करने के लिए स्वतंत्र है। किंतु उन्हें यह ध्यान रखना चाहिए कि उनके कारण आम जनमानस को कठिनाई न हो। अभी लगातार हो रही बंदी से शादी विवाह में ज्यादा बाधा उत्पन्न हो रही है। जिनके घरों में शादी है। उनकी तैयारियां प्रभावित हो रही है, तो कोई अतिथि शादी-विवाह वाले घर में नहीं पहुंच पा रहे है। कोई बंदी के डर से जरूरी काम या मेडिकल कार्यों से नहीं जा पा रहा है।

## खेती के पूर्व बीज-खाद को 14 को डीसी से मिलेंगे किसान नेता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** अखिल भारतीय क्रांतिकारी किसान सभा व झारखंड नवनिर्माण दल का किसान मंच का संयुक्त प्रतिनिधिमंडल 14 जून को उपायुक्त से मुलाकात कर किसानों को खेती से पूर्व बीज व खाद देने की मांग करेंगे। विदित हो कि बरसात गिरने वाली है और खेती के पूर्व धान, अरहर, मूंगफली जैसी बीज किसानों को देने के लिए व्यापक व्यवस्था अभी तक नहीं बनायी गयी है। लैंपस के द्वारा बीज बांटा जाना है लेकिन बीज देने के एवज में किसानों से ली जाने वाली राशि का कोई रसीद देने का कोई प्रबंध नहीं है। वहीं जिले में निर्मित कोल्ड स्टोरेज भी कारगर नहीं है। जिसके कारण किसानों के द्वारा पैदा की गई सैकड़ों क्विंटल आलू थोक के भाव में खराब हो रहा है और प्याज सड़ने के कगार में है। किसान नेताओं द्वारा उपायुक्त के माध्यम से राज्य सरकार को मांग-पत्र की एक प्रति भेजी जायेगी। जिसमें खेती के पूर्व किसानों तक बीज व खाद पहुंचाने के लिए व्यापक प्रबंध करने की मांग की जायेगी।

## सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना को लेकर लगा कैंप

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड कार्यालय स्थित बाल विकास परियोजना कार्यालय में सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का कैम्प आयोजित कर आवेदन प्रपत्र लिया गया। सरकार ने बालिकाओं का विकास और पढ़ाई लिखाई के लिये सहयोग करने के उद्देश्य से सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना संचालित किया गया है। उसी निमित सेन्हा व पेशरार प्रखंड के लिए सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का कैंप आयोजित कर 133 बालिकाओं से आवेदन प्राप्त किया गया।

## प्रचार को लेकर ऊर्जा रथ को डीसी ने किया रवाना

वन टाइम सेटलमेंट योजना



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण के द्वारा सोमवार को ऊर्जा विभाग, लोहरदगा के कार्यक्रम में समाहरणालय परिसर से ऊर्जा रथ को सभी प्रखंडों में जागरूकता के लिए रवाना किया गया। राज्य सरकार के वन टाइम सेटलमेंट योजना के अंतर्गत उर्जा रथ द्वारा सभी प्रखंडों में 30 जून तक लोगों को जागरूक करेगा। इसके योजना के तहत वैसे उपभोक्ता जिनके पास 5 केवी से कम लोड का घरेलू या कृषि कनेक्शन है और बिजली बिल का लंबा बकाया है वैसे उपभोक्ताओं का बकाये बिजली बिल में 31 दिसंबर 2022 तक लगनेवाला ब्याज माफ हो जायेगा। वैसे उपभोक्ता विद्युत प्रमंडल, लोहरदगा के कार्यालय में 10 बजे पूर्वाह्न से 3 बजे अपराह्न तक के बीच संपर्क कर बकाये का भुगतान कर सकते हैं।

रायपुर धनबाद एक्सप्रेस वे निर्माण के विरोध में सदर प्रखंड के चारअंबा में ग्रामीणों की बैठक

# निर्माण कार्य के लिए गाड़े गये पीलर की जगह लाल झंडा लगाकर विरोध प्रदर्शन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** केंद्र सरकार की कॉर्पोरेट तुष्टिकरण के खिलाफ हमारी मां- बहनों को सिनगी दई,कईली दई और चम्पा दई तथा सभी भाईयों को बिरसा,बुधू और जतरा टाना भगत बनने की जरूरत है। यह बात अखिल भारतीय क्रांतिकारी आदिवासी महासभा के जिलाध्यक्ष सनिया उरांव ने रायपुर धनबाद एक्सप्रेस वे निर्माण के विरोध में सदर प्रखंड के चारअम्बा गांव में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि एक्सप्रेस वे निर्माण की प्राथमिक प्रक्रिया अभी शुरू भी नहीं हुई है। लेकिन सड़क निर्माण कम्पनी के लोग स्थानीय भूमि के मालिकों को धमकी देने लगे हैं। उन्हें उनकी ही जमीन पर घर बनाने से रोका जा रहा है। प्रशासन इस मामले में संज्ञान ले अन्यथा महासभा मूकदर्शक बनकर नहीं रहेगी। सभा को सुरेश प्रसाद यादव, राजेश मिंज, लोथे उरांव, गुंजरी लकड़ा, चापा भगत तथा भुखली भगत ने भी संबोधित किया। सभा के उपरांत भारत माला परियोजना के तहत एक्सप्रेस वे निर्माण के विरोध में एन एच आथोरिटी द्वारा गाड़े गये पिलर के समानांतर लाल झंडा गाड़ कर विरोध प्रदर्शन किया।



विरोध को लेकर लाल झंडा गाड़ते ग्रामीण।

**खास बातें :** सभा में परसा, बांसडीह, खोरा, जामटोली, असनी, नवाटोली, भकुआ टोली तथा चारअम्बा के दुर्गा उरांव, अंकिता उरांव, वसंती उरांव, इलिसबा तिर्की, सीता तिर्की, भुखली भगत, सुनिता उरांव, आशा लकड़ा, महेश लोहरा, हरि उरांव, उर्मिला कुमारी, इलिसा कुजूर, जयश्री तिर्की, दीपक गोप, मोहन महली, कृष्णा उरांव, राजकुमार उरांव, मनमोहन उरांव, मनबहाल उरांव, बिजला उरांव, सहदेव उरांव समेत सैकड़ों लोग थे।

# विभिन्न कंपनी में जॉब के लिए जिले की 113 युवतियां चयनित

■ निष्ठा केंद्र में युवतियों को जॉब ऑफर एवं प्रमाण पत्र निर्गत कार्यक्रम हुआ सम्पन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा प्रखंड मुख्यालय स्थित सेन्हा थाना के समीप संचालित सक्षम झारखंड कौशल विकास केंद्र के तत्वधान में संचालित निष्ठा संस्था केंद्र में कार्यशाला का आयोजन कर सिलाई प्रशिक्षण प्राप्त कर रही युवतियों को विभिन्न कम्पनियों में जॉब ऑफर की जानकारी विस्तार पूर्वक दिया गया। 113 युवतियों को विभिन्न कंपनी में जॉब के लिए चयन किया गया। कार्यशाला के उपरांत अतिथियों को बुके प्रदान कर अभिवादन किया गया।

#### थाना प्रभारी ने बांटा प्रमाण पत्र



कार्यक्रम का आयोजन श्रम अधीक्षक सह कौशल पदाधिकारी के आदेशनुसार प्रशिक्षण प्राप्त युवतियों को नौकरी विभिन्न कंपनी में दिलाने एवं प्रमाण पत्र वितरण करने को लेकर किया गया। कार्यक्रम के दौरान थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने सिलाई प्रशिक्षण प्राप्त कर रही युवतियों को एवं जो प्रशिक्षण ले चुकी है उन सभी युवतियों को हौसला बढ़ाते हुए कहा गया कि आज के समय में युवतियां एवं महिलाएं समय के साथ चल रही है और अच्छे मुकाम को प्राप्त कर आत्मनिर्भर के साथ स्वालंबी बन रही है। उन्होंने कहा कि देश के किसी क्षेत्र में अपना कार्य का अच्छा प्रदर्शन कर गांव समाज में जगरुक्ता फैलाने पर जोर दिया गया। वहीं सिलाई प्रशिक्षण प्राप्त कर रही 200 युवतियों को नौकरी कैसे मिलेगा और किस क्षेत्र में मिलेगा तथा इस प्रशिक्षण से कैसे आगे बढ़ेंगे सहित आत्मनिर्भर को लेकर विस्तृत जानकारी दी गयी। कार्यक्रम के दौरान थाना प्रभारी अभिनव कुमार, प्रोजेक्ट मैनेजर शुभम मिश्रा पेलेसमेन्ट मैनेजर प्रिया कौमल सेंटर मैनेजर सुमित कुमार सहित अविभावक एवं युवतियां शामिल थी।

स्पीड न्यूज

## ट्रेन से गिरकर सोनपुरवा के युवक की मौत

**मझिआंव।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत सोनपुरवा निवासी अशोक उरांव के 20 वर्षीय पुत्र दीपक कुमार की मौत हारदा स्टेशन के पास शनिवार की देर रात ट्रेन से गिर जाने के कारण हो गई। मिली प्राप्त सूत्रों से जानकारी के अनुसार दीपक गुरुवार को अपने घर से पुणे में मजदूरी करने गए पिता के पास जाने के लिए निकला था। ताकि मजदूरी कर अपने घर परिवार चलाने में पिता को सहयोग कर सके। जानकारी के अनुसार दीपक इटारसी जंक्शन से ट्रेन पर सफर कर पिता के पास जा ही रहा था उसी बीच खंडवा जंक्शन से पहले हरदा स्टेशन के समीप ट्रेन से गिर गया जहां उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद रेलवे पुलिस ने रविवार को परिजनों को सूचना दी। सूचना के बाद पुणे में कार्यरत पिता अशोक उरांव सोमवार को अपने पुत्र के शव लेने के लिए पहुंच चुके हैं। इधर दुर्घटना की खबर सुनकर पंचायत मुखिया अख्तर खान एवं युवा समाजसेवी योगेंद्र कुमार ने दुख व्यक्त किया है।

## सहायिका का चुनाव हुआ स्थगित

**कांडी।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत राणाडीह पंचायत के भंडरिया गांव में सहायिका का चुनाव को लेकर ग्रामीणों के साथ आम सभा की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी सह सीडीपीओ मनोज तिवारी ने की। सहायिका चुनाव को लेकर ग्रामीणों की भिड़ जुटी लेकिन पदाधिकारी के द्वारा चुनाव स्थगित कर दिया गया। जानकारी देते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी सह सीडीपीओ मनोज तिवारी ने कहा कि चुनाव में अंचलाधिकारी, शिक्षक, एनएम एवं चुनाव दल के अन्य सदस्यों की उपस्थिति नहीं होने के कारण चुनाव को स्थगित किया गया।

## ट्रक और हाईवा के टक्कर में सुभाष चंद्र बोस का गोलंबर ध्वस्त

**सिमरिया।** सोमवार की सुबह ट्रक और हाईवा कोल वाहन की जोरदार टक्कर में सिमरिया मुख्य चौक पर स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस की गोलंबर ध्वस्त हो गई है। मालूम हो कि ट्रक संख्या जे एच 13 एफ कोयला लेकर सिकनी से सिमरिया की ओर आ रही थी वहीं दूसरी ओर से हाईवा कोल वाहन संख्या जे एच 02 एएस 6876 टंडवा की ओर से कोयला लेकर आ रही थी। ट्रक कोल वाहन तेज रफ्तार होने के कारण सुभाष चंद्र बोस की गोलंबर को ध्वस्त करते हुए वह हाईवा में जा टकराई जिससे हाईवा भी छतिग्रस्त हो गई है। खबर लिखे जाने तक ट्रक कोल वाहन घटनास्थल पर ही मौजूद है। वहीं चालक और उपचालक की किसी प्रकार की कोई घटना होने की सूचना नही है।

## मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर बैठक

**सिमरिया।** प्रखण्ड मुख्यालय के सभागार कक्ष में निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अनुमण्डल पदाधिकारी सुधीर कुमार दास के अध्यक्षता में मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का बैठक प्रखण्ड सभागार में किया गया। बैठक में 2024 चुनाव में बीएलए बूथ लेवल एजेंट की नियुक्ति करने को लेकर एक आवश्यक बैठक का आयोजन सोमवार को किया गया। बैठक में 2024 के चुनाव को लेकर प्रचार प्रसार पर जोर दिया गया। मौके पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी नीतू सिंह, प्रखण्ड कर्मी, सभी मान्यता प्राप्त राजनितिक दल के अध्यक्ष सचिव तथा जन प्रतिनिधी शामिल थे।

## एकमुश्त विद्युत बिल सूद माफी योजना का आयोजन

**चतरा।** जिला के सभी प्रखण्ड मुख्यालयों में एकमुश्त बिजली बिल सूद माफी योजना का आयोजन किया जा रहा है। इसमें वैसे सभी घरेलू व कृषि उपभोक्ता जिनका विद्युत बिल का बकाया है वे झारखंड सरकार के इस महत्वाकांक्षी योजना के अवसर का लाभ उठा सकते हैं। उपायुक्त अबु इमरान के निदेशानुसार यह कार्यक्रम जिले के सभी प्रखंडों में आयोजित की जा रही है। विभिन्न प्रखंडों में उक्त दिवस विद्युत सूद माफी योजना का लाभ उठाने के लिए आमजन विद्युत विभाग से भी संपर्क कर सकते हैं।

# ट्रेन 925 बजे कोडरमा स्टेशन पहुंची

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** बहुप्रतीक्षित पटना-रांची के बीच चलने वाली वंदे भारत ट्रेन का ट्रायल रन सोमवार की सुबह पटना से शुरू हो चुकी है। ट्रेन 925 बजे कोडरमा स्टेशन पहुंची और 9.30 बजे अगले ठहराव हजारीबाग के लिए रवाना हो गयी। इस दौरान हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा भी कोडरमा जंक्शन पहुंचे थे। नियमित तौर पर यह ट्रेन पटना जंक्शन से सुबह 655 बजे खुलकर 820 बजे गया पहुंचेगी। यहां से 830 बजे प्रस्थान कर 1300 बजे रांची पहुंची। वापसी में रांची से पटना के लिए यह ट्रेन रांची से 1420 बजे खुलकर 1900 बजे गया पहुंचेगी तथा यहां से 1910 बजे खुलकर 2025 बजे पटना पहुंचेगी। वंदे भारत का यह ट्रायल रन नियमित परिचालन के पूर्व संरक्षा जांच आदि के लिए पूर्णतया परिचालनिक प्रायोगिक उद्देश्य से किया जा रहा है। सोमवार को पटना और रांची के मध्य प्रस्तावित वंदे भारत के ट्रायल रन के दौरान ट्रेन में आम यात्रियों को प्रवेश की अनुमति नहीं है। अप एवं डाउन दिशा में इसका परिचालन जहानाबाद, गया, बरकाकाना, कोडरमा, हजारीबाग टाउन और मेसरा के रास्ते किया जाएगा। ट्रायल रन के दौरान इस ट्रेन का परिचालन तीव्र गति से किया जा रहा है। इसलिए रेल प्रशासन ने यह अपील की है कि आम लोग रेलवे ट्रैक से उचित दूरी बनाकर रखें, साथ ही मवेशियों को भी रेलवे ट्रैक से दूर रखें। मिली जानकारी के अनुसार पटना के बाद जहानाबाद में इसका पहला ठहराव हुआ। पूर्व मध्य रेलवे ने पटना, गया, रांची के अलावा दानापुर मंडल के अंतर्गत जहानाबाद तथा धनबाद मंडल अंतर्गत कोडरमा, हजारीबाग टाउन में ठहराव का प्रस्ताव भेजा था। यह हाई स्पीड वाली ट्रेन सप्ताह में छह दिन चलेगी।



वंदे भारत ट्रेन

### लोगों ने ट्रेन के साथ ली सेल्फी

वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के ट्रायल परिचालन को लेकर सोमवार को कोडरमा स्टेशन पर काफी गहमागहमी देखी गई। बड़ी संख्या में रेलवे के अधिकारियों के अलावा आम लोग भी इस ऐतिहासिक पल का गवाह बने। लोगों ने इस ट्रेन के साथ सेल्फी लेकर एक ऐतिहासिक पल को यादगार बनाया।

## राज्यपाल के आगमन को लेकर तैयारी

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत उत्तरी पंचायत स्थित ग्राम अरकोस्सा पुनर्वास में सोमवार को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के आगमन को लेकर तैयारी जोर शोर से की जा रही है। राज्यपाल के कार्यक्रम को देखते हुए सोमवार को उपायुक्त आदित्य रंजन व एसपी कुमार गौरव ने अधिकारियों के साथ मरकच्चो के स्वालम्बी ग्राम पुनर्वास का जायजा लिया।

साथ ही कार्यक्रम को लेकर मन्त्रणा भी की। बता दें कि राज्यपाल के कार्यक्रम को देखते हुए जिला प्रशासन व प्रखंड प्रशासन के द्वारा युद्ध स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी गई है। मिली जानकारी के अनुसार राज्यपाल स्वावलंबी गांव ग्राम अरकोस्सा पहुंचकर पंचखेरो जलाशय का जायजा लेंगे, साथ ही स्वावलंबी ग्राम अरकोस्सा पुनर्वास के ग्रामीणों के साथ सीधा संवाद भी करेंगे।

एक नजर में

## यज्ञ के आयोजन से क्षेत्र में आती है सुख, शांति और समृद्धिः बिरजू तिवारी



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** पत्थलगड़ा प्रखंड के गौरी शंकर धाम ग्राम जेहरा में पंच दिवसीय श्रीमद् देवी भागवत महापुराण महायज्ञ के पांचवें और अंतिम दिन जिला परिषद उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी शामिल हुए। उनके आगमन पर यज्ञ समिति के अध्यक्ष डेगन प्रजापति एवं यज्ञ नियंत्रक रवीन्द्र प्रसाद के द्वारा अंग वस्त्र व स्वस्तिवाचन दे कर भव्य स्वागत किया गया। रवीन्द्र प्रसाद ने बिरजू तिवारी को अभिनन्दन पत्र व सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया ।वहीं आए सभी अतिथियों को यज्ञ समिति की ओर से सम्मान पत्र नारियल और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया इस मौके पर श्री तिवारी ने कहा कि यज्ञ मानव जीवन को सफल बनाने के लिए एक आधारशिला है। इसके कुछ भाग विशुद्ध आध्यात्मिक हैं। अग्नि पवित्र है और जहां यज्ञ होता है, वहां संपूर्ण वातावरण, पवित्र और देवमय बन जाता है। यज्ञवेदी में 'स्वाहा' कहकर देवताओं को भोजन परोसने से मनुष्य को दुख-दारिद्रय और कष्टों से छुटकारा मिलता है।

यज्ञ के आयोजन से क्षेत्र में सुख, शांति एवं समृद्धि आती है। इस मौके पर जिला परिषद सदस्य रामसेवक दांगी, यज्ञ अध्यक्ष डेगन प्रजापति, यज्ञ नियंत्रक रवीन्द्र प्रसाद, मुख्य आचार्य संजय कुमार पाण्डेय, आचार्य सुरेन्द्र नाथ शर्मा, आचार्य देवकुमार शर्मा,आचार्य सुधांशु शर्मा, उत्तर प्रदेश लखनऊ से आए आचार्य सुधीर त्रिपाठी, दुआरी के पूर्व मुखिया जवाहर लाल ,मेराल पंचायत के पूर्व मुखिया हीरा सिंह, भेखलाल गंझू जी,कोषाध्यक्ष सुखदेव सिंह भोक्ता समेत सैकड़ों भक्त जन आदि की उपस्थिति थे।

## झापु का प्रथम चतुर्थवर्गीय कर्मचारी संघ का चुनाव संपन्न



खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवारा (कोडरमा)।** प्रखंड के कोडरमा पुलिस लाईन केंद्र में सोमवार को झारखंड पुलिस चतुर्थवर्गीय कर्मचारी संघ शाखा कोडरमा जिला बल झारखण्ड पुलिस का प्रथम चतुर्थवर्गीय कर्मचारी संघ के चुनाव कई पदाधिकारियों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। चुनाव में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार शर्मा मौजूद थे। अध्यक्ष पद के लिए मतदान हुआ, जिसमें अध्यक्ष विकास कुमार पाण्डेय 17 मत लाकर निर्वाचित हुए।

सर्वसमिति से उपाध्यक्ष ओम द्विवेदी, शाखा मंत्री बाबू राम, संयुक्त मंत्री तालेश्वर रजक, संगठन मंत्री सुषमा देवी, कोषाध्यक्ष इंद्रदेव साव निर्विरोध चुने गए।

अखंड हरिकर्तन, हवन व भंडारे के साथ हनुमान मंदिर का वर्षगांठ संपन्न

## धार्मिक अनुष्ठानों से आध्यत्मिक शांति और वातावरण शुद्ध होता है : बसन्त शास्त्री

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिला मुख्यालय स्थित महावीर मुहल्ला में नवनिर्मित हनुमान मंदिर के एक वर्ष पूर्ण होने पर धूमधाम से वर्षगांठ मनाया गया। सोमवार को वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ सामूहिक हवन का आयोजन किया गया। वहीं शाम से भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमे मोहल्लेवासियों के अलावे आस पास के लोग भारी संख्या में शामिल हुए और भंडारा का प्रसाद ग्रहण किया। वहीं बीते रविवार को 24 घण्टे का



अखंड हरिकर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें आधा दर्जन गांवों के भक्त शामिल हुए और रात भर ढोल मंजीरों के साथ भक्ति गीतों में झूमते रहे। वहीं कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए आचार्य बसन्त शास्त्री ने कहा कि इस तरह के धार्मिक अनुष्ठानों से लोगों में आध्यत्मिक शांति मिलती है, साथ ही वातावरण साफ और स्वच्छ होता है।

## झुंड से भटका हाथी कई दिनों से लोगों को कर रहा नुकसान

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत बेरहवा जंगल से अपने झुंड से भटककर एक हाथी कुछ दिनों पूर्व सतगावां की ओर जाने के बाद पुनः वही हाथी जंगल के रास्ते वापस लौटकर बेरहवा जंगल पहुंच गया है। बताते चलें कि रविवार की रात्रि हाथी बेरहवा जंगल से सटे गांव पपलो पहुंच गया और पपलो निवासी बुलाकी यादव के घर के समीप मड़ई तोड़ दिया व घर का खिड़की तोड़ने लगा। इसी दौरान आवाज सुनकर घर में सो रहे लोग दरवाजा खोल कर घर से बाहर भागने लगे।

## होटलों से भारी मात्रा में शराब बरामद

**डोमचांच (कोडरमा)।** थाना प्रभारी अब्दुल्ला खान के नेतृत्व में की गई छापेमारी में भारी मात्रा में शराब बरामद करते हुए छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। बता दें कि सिद्धि विनायक व आरके होटल के अलावा कई होटल में छापेमारी की गई। वहीं थाना प्रभारी ने सूचना के आधार पर छापेमारी अभियान चलाकर होटलों से अवैध शराब को जब्त किया।

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

खबर मन्त्र संवाददाता

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत झलपो मेंघ्एक युवक ने फांसी घ्लगाकर आत्महत्या कर घ्ली। वहीं मृतक कीघ्पहचान 20 वर्षीय जय कुमार के रूप में की गई है। घटना रविवार की बताई गई है। वहीं मृतक के परिजनों ने बताया कि युवक शनिवार की शाम 4 बजे घर से निकला था। जिसके बाद उसने परिजनों को फोन कर बताया था कि वह रात में घर नहीं लौटेगा। वहीं रविवार की सुबह युवक वापस घर पहुंचा और अपने घर के बाथरूम के भीतर साड़ी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। परिजनों द्वारा शंका होने पर वेंटिलेटर के सहारे देखा तो पाया कि युवक फंदे पर लटकाघ्था। फिलहाल युवक किसी प्रकार का डिप्रेशन में होने कीघ्बात बताई जा रही है।

## बारातियों से भरी सवारी वाहन पलटी, एक दर्जन लोग जख्मी

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** जिले के लावालौंग थाना क्षेत्र के लमटा गांव के समीप आज तड़के एक बाराती वाहन के पलटने से उसमे सवार पांच महिला समेत करीब एक दर्जन लोग घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं गंभीर रूप से घायल तीन लोगों को बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया है। इस संबंध में सिविल सर्जन डाक्टर श्यामनंदन सिंह ने बताया कि घायलों में दिनेश्वरी देवी, मिथलेश विश्वकर्मा, मंजू देवी, कांति देवी, अमन कुमार, लखन विश्वकर्मा, गीता देवी, अर्चना देवी, राजेश ठाकुर, संजू देवी, धनंजय विश्वकर्मा, नंदकिशोर विश्वकर्मा का नाम शामिल है। इनमें लखन विश्वकर्मा, अमन कुमार, राजेश ठाकुर को गंभीर चोटें आई हैं, जिन्हे रेफर किया गया है।

जानकारी के मुताबिक हंटरगंज थाना क्षेत्र के केदली गांव से रविवार को विवाह के लिए वधू पक्ष के लोग सिमरिया व लावालौंग थाना क्षेत्र के सिमाना पर स्थित बगरा मंदिर गए थे. विवाह के उपरांत एक सवारी वाहन में बैठकर सभी वापस केदली गांव लौट रहे थे तो इसी क्रम में लमटा गांव के समीप सवारी वाहन पलटकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

## भद्रकाली मंदिरः महोत्सव स्थल बना शराबियों का अड्डा

खबर मन्त्र संवाददाता

**इटखोरी।** प्रसिद्ध भद्रकाली मंदिर स्थित महोत्सव स्थल शराबियों के लिए महफूज जगह बन गई है। यहां शराब पीने वालों की तादाद अंधेरा होने के साथ बढ़ने लगती है। यहां मैदान में बैठ कर खुलेआम शराब पीने वालों को पुलिस का खौफ नहीं है। मैदान में बीयर और अंग्रेजी शराब की बोतल और गिलास बिखरे पड़े है। शराबी बीच मैदान में हेलीपैड पर बैठकर शराब पीकर बोतल छोड़ देते है। पानी पाउच डिस्पोजल सभी को बीच मैदान में ही फेंककर निकल जाते हैं। कई शराबी तो मैदान के अंदर ही शराब की बोतल को फोड़ देते हैं। इससे श्रद्धालुओं की भावनाएं तो आहत हो ही रही है। साथ ही मंदिर की छवि भी खराब हो रही है। शाम को अंधेरा होते ही मैदान पर महफिलें सजनी शुरू हो जाती हैं। ऐसी शर्मनाक हरकतों में ज्यादातर युवा वर्ग के लोग शामिल होते हैं।



कार्रवाई नहीं होने से हौसले बुलंद सार्वजनिक स्थानों पर शराब का सेवन करना सख्त मना है। इसके बाद भी लोग खुले आम शराब पी रहे हैं। दरअसल ऐसे लोगों पर पुलिस की कार्रवाई नहीं होने से उनके हौसले बुलंद हैं। वे बेखौफ सार्वजनिक जगहों पर बैठकर शराब का सेवन कर रहे हैं। ऐसे में पुलिस गश्त पर सवाल खड़ा हो रहा है। भद्रकाली मंदिर के दुकानदारों ने पुलिस प्रशासन से शराबियों पर सख्ती से कार्रवाई की मांग की है।

# मृत बच्चा को फेंकने के आरोपी दो नर्स और दाई भेजी गई जेल

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** रेफरल अस्पताल में शनिवार को पलामू जिला के रजहारा के लहलहे गांव की मनदीप विश्वकर्मा के 22 वर्षीय गर्भवती पत्नी मधु देवी को प्रसव पीड़ा के दौरान भर्ती कराया गया था। जहां पर कार्यरत एन एम निर्मला कुमारी मंजू कुमारी एवं दाई दौलतीया देवी के द्वारा मधु देवी से जन्मे 5 माह के मृत शिशु को जलते हुए कचरे के गड्ढ़े में डाल दिया गया था। जिसको लेकर मामला प्रकाश में आने के बाद खबर को प्रमुखता से दिखाई गई थी। जिसमें दिल्ली एवं राज्य सरकार के वरीय पदाधिकारी के हस्तक्षेप के बाद उपायुक्त शेखर जमुआर के निदेर्शानुसार गढ़वा अनुमंडल पदाधिकारी राज महेश्वरम के द्वारा रविवार को मामले की जांच की गई और दोनों एनएम निर्मला कुमारी मंजू कुमारी एवं दाई दौलतीया देवी से पुछ ताछ के बाद पुलिस के द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया था। इधर दिन सोमवार को थाना प्रभारी कमलेश कुमार महतो ने बताया कि तीनों दोषी महिलाओं के खिलाफ 11 जून 2023 को रेफरल अस्पताल प्रभारी गोविंद प्रसाद सेठ के द्वारा प्राथमिकी दर्ज करने हेतु आवेदन मिलने पर थाना कांड संख्या 66/23 11 जून 2023 के तहत धारा 315, 201, 34 भादवी के अंतर्गत निर्मला कुमारी मंजू कुमारी एवं सफाई कर्मी दौलती देवी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करते हुए दिन सोमवार को वरीय पदाधिकारी को सूचना करते हुए तीनों अभियुक्त महिला को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। छापेमारी में शामिल पुलिस निरीक्षक राजीव कुमार थाना प्रभारी कमलेश कुमार महतो एस आई विकास कुमार एएसआई चंद्रशेखर आजाद एवं पुलिस बल शामिल थे।

### जलते कचरे की ढेर में नवजात मामला



गिरफ्तार नर्स और दाई

## अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस का आयोजन




खबर मन्त्र संवाददाता

**इटखोरी।** महाविद्यालय की एनएसएस इकाई 1 के तत्वधान में अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ दुलार हजाम ने की। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्राचार्य, प्रोफेसर ललित मोहन चौधरी एवं प्रोफेसर संदीप कुमार के द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। तत्पश्चात राष्ट्रीय सेवा योजना का लक्ष्य गीत सभी ने मिलकर गाया। अपने अध्यक्षीय भाषण में प्राचार्य महोदय ने बालश्रम निषेध की आवश्यकता पर प्रकाश डाला तथा इसे दूर करने के लिए किए गए संवधानिक प्रावधानों की जानकारी विस्तार से दी कहा कि सुरक्षित बचपन से ही सुरक्षित राष्ट्र का निर्माण होगा। प्रोफेसर ललित मोहन चौधरी ने कहा कि बाल श्रम एक कलंक है जो सभ्य समाज एवं सुरक्षित राष्ट्र के निर्माण में सबसे बड़ी बाधा है। इसे हर हाल में मिटाना होगा। कार्यक्रम में विषय प्रवेश एवं संचालन एनएसएस इकाई 1 के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर संदीप कुमार ने की तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रोफेसर ललित मोहन चौधरी के द्वारा की गई कार्यक्रम में शुभम कुमार, सोनू पांडे, स्नेहा कुमारी, रानी कुमारी तथा विवेक तिवारी ने भी अपने विचार रखे मौके पर एनएसएस इकाई 1 के स्वयंसेवक तथा छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

## भीषण गर्मी में बिजली व पेयजलापूर्ति की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करें : हफीजुल हसन

### पर्यटन मंत्री पहुंचे कोडरमा, जिले में संचालित योजनाओं की ली जानकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** राज्य के अल्पसंख्यक, कल्याण, पर्यटन और कला संस्कृति मंत्री सह अध्यक्ष बिससूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति सोमवार को कोडरमा पहुंचे समाहरणालय स्थित सभागार में बीस सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक कर जिले में संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक में मंत्री ने मनरेगा के तहत संचालित योजनाएं टीसीबी, डोभा निर्माण, फील्ड बण्ड, सड़क निर्माण आदि योजनाओं की जानकारी लेते हुए विभागीय अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा के अंदर योजनाओं को गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण करने का निर्देश देते हुए कहा कि योजनाओं का शिलान्यास/ उद्घाटन जनप्रतिनिधियों के द्वारा ही करवाएं। मंत्री श्री हसन ने कल्याण विभाग के अधिकारियों को कब्रिस्तान की चहारदीवारी के साथ साथ उनके सौंदर्यीकरण की योजनाओं को लेने का निर्देश देते हुए कहा कि पूरे राज्य में भीषण गर्मी पड़ रही है, जिससे आम जनजीवन त्रस्त है, गर्मी के दिनों में लोगों को बिजली और पेयजलापूर्ति में कोई समस्या न हो, इसे सुनिश्चित करते हुए विद्युत और पेयजलापूर्ति निर्बाध रूप से करें, इसमे किसी भी प्रकार की शिथिलता नही बरती जाय, बिजली आपूर्ति में कोई परेशानी हो तो उसे प्राथमिकता देकर उसका समाधान करें, खनन विभाग की समीक्षा करते हुए कल्याण मंत्री ने जिले में लीजधारकों की जानकारी लेते हुए चालान काटने सम्बन्धी निर्देश दिया। जिले में पर्यटन से सम्बंधित विकास को लेकर उपायुक्त को प्रस्ताव भेजने व आउटसोर्सिंग के तहत बहाली में 75 प्रतिशत स्थानीय लोगों को प्राथमिकता देने का निर्देश देते हुए जिले के अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को आपस मे समन्वय स्थापित कर योजनाओं को तेजी से धरातल में उतारने और जिले को विकास के पथ पर ले जाने की अपील की। मौके पर बरकट्ठा विधायक अमित यादव, बरही विधायक उमाशंकर अकेला, कोडरमा विधायक डॉ.नीरा यादव, उपायुक्त आदित्य रंजन, डीएफओ सूरज कुमार सिंह, डीडीसी ऋतुराज, एसी अनिल तिर्की, बीस सूत्री के सदस्य समेत विभिन्न विभागों के पदाधिकारी आदि मौजूद थे।



## झामुमो के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने हाजी हुसैन अंसारी का किया भव्य स्वागत



खबर मन्त्र संवाददाता

**मरकच्चो (कोडरमा)।** झारखण्ड सरकार हेमंत सोरेन मंत्रिमंडल के अल्पसंख्यक कल्याण, युवा खेल, पर्यटन व निबंधन मंत्री हाजी हुसैन अंसारी का सोमवार को मरकच्चो प्रखंड के ग्राम बरियारडीह स्थित चौक पर भव्य स्वागत किया गया। मंत्री के अभिनंदन व स्वागत के लिए मरकच्चो बरियारडीह चौक व प्रखंड मुख्यालय मरकच्चो स्थित ब्लॉक चौक के समीप झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के सैकड़ों कार्यकर्ता पहुंचे थे। मंत्री जैसे ही पहुंचे कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ फूल माला से लादकर उनका भव्य स्वागत किया व झारखंड मुक्ति मोर्चा जिंदाबाद मंत्री हफीजुल अंसारी जिंदाबाद के नारे लगाए। महागठबंधन के घटक दल राजद, कांग्रेस व जेएमएम के कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण किया। उसके बाद वे कोडरमा के लिए प्रस्थान किये। मौके पर दिवाकर तिवारी, मो. जावेद, मो. नौसाद, मो. खलील, एम चंद्रा, मो. अफजल, मो. जैनुल, मो. रुस्तम, संजय वर्मा, सुजीत यादव, मो. युसूफ, मो.रियासत, इस्लाम अंसारी, अशोक सिंह, करीम अंसारी, मंजूर आलम, हारून रसीद नौशाद आलम समेत कई लोग मौजूद थे।

# चंदवा में बेकाबू रफ्तार ने ली एक की जान

## झारखंड आंदोलनकारी सह आजसू नेता थे मृतक दौलत खान, चंदवा में शोक की लहर

### चंदवा वासियों ने प्रशासन से की शहर में वाहनों की गति सीमा को निर्धारित करने की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** नव निर्मित एनएच-99 (अब 22) रांची-चतरा मुख्य मार्ग अंतर्गत चंदवा शहर स्थित एसबीआई बैंक के सामने रविवार की देर शाम एक तेज रफ्तार बाइक ने सड़क किनारे खड़े व्यक्ति को रौंदते हुए फरार हो गया। बाइक के चपेट आने के बाद गम्भीर रूप से घायल हुए व्यक्ति की पहचान कामता पंचायत के कुजरी ग्राम निवासी झारखंड आंदोलकारी सह आजसू नेता दौलत खान (46 वर्ष) पिता इसराइल खान के रूप में हुई। स्थानीय लोगो की मदद से घायलावस्था में दौलत खान को चंदवा सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉ. प्रकाश बड़ाइक ने इलाज के दौरान मृत घोषित कर दिया। इधर घटना की सूचना के बाद पुनि सह थाना प्रभारी बबलू कुमार की अगुवाई में चंदवा पुलिस की अस्पताल पहुंचकर परिजनों से घटना की जानकारी ली व घटना स्थल पहुंचकर आसपास के सीसीटीवी फुटेज को भी एकत्र किया व अग्रतर कार्रवाई तेज कर दिया। मृतक अपने पीछे पत्नी व दो पुत्र व दो पुत्री को पीछे छोड़ गया है जिनका घटना के बाद से ही रो रो कर बुरा हाल है। ज्ञात हो कि दौलत खान आजसू से जुड़कर झारखंड अलग राज्य आंदोलन में काफी सक्रिय रहते थे।

**चंदवा शहर में इनदिनों बाइकर्स के बेकाबू रफ्तार का देखा जा रहा है कहर :** बता दें कि चंदवा शहर में एनएच-99 (अब 22) के सुंदरीकरण कार्य पूर्ण होने और नई सड़क बनने के बाद चंदवा शहर में बाइकर्स के बेकाबू रफ्तार से लोग परेशान है। शहर के घनी आबादी वाले क्षेत्र में भी युवा बाइकर्स के बाइक को इतनी तेज गति चलाते है की देखने वाले खौफ में आ जाते हैं। चंदवावासियों ने शहर में गति सीमा निर्धारित करने व बाइको के बेकाबू रफ्तामें पर ब्रेक लगाने को लेकर प्रशासन से विशेष अभियान चलाने की अपील की है।

**दौलत खान के निधन पर पंचायत प्रतिनिधियों व राजनीतिक दलों के लोगों ने जताया शोक :** इधर दौलत खान के निधन पर जनप्रतिनिधियों, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने गहरा शोक व्यक्त किया है, उनके परिजनों को इस दुःख की घड़ी में सहनशक्ति प्रदान करने की कामना ईश्वर से की है। शोक व्यक्त करने वालों में आजसू नेता राजा दुबे, दीपू सिन्हा, मनोज चौधरी, पंसस अयुब खान, मुखिया नरेश भगत, असगर खान, हाजी फिरोज अहमद, डॉ. शम्स रजा, मो. अब्दाल, बाबर खान, मो. सरफराज, चमेली देवी, जमरुल खान, शाहिद खान समेत अन्य शामिल हैं।

# दो अलग-अलग दुर्घटना में छह घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में 6 लोग घायल हो गए। पहली घटना बालूमाथ-चतरा एनएच 22 मुख्यपथ पर चेतुवाग मोड़ के समीप घटी। जहां लातेहार से बारियातू जा रहे एक मोटरसाइकिल में सवार शंकर उरांव 22 वर्ष पिता चंद्रिका उरांव ग्राम खैरा लातेहार, अंशु बैठा 23 वर्ष पिता बिरेंद्र बैठा ग्राम बरेनी लातेहार एवं शिवकुमार उरांव 25 वर्ष ग्राम मनखैरी थाना लातेहार घायल हो गया। बालूमाथ पुलिस ने तीनों घायलों को पुलिस गाड़ी से लेकर बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचा। जहां चिकित्सक डॉक्टर सुरेश राम द्वारा प्राथमिक इलाज की गई। वही शंकर उरांव



घायल युवक

एवं शिवकुमार उरांव की स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर ईलाज हेतु रिम्स रेफर कर दिया। वहीं दूसरी घटना बालूमाथ - चंदवा मुख्य पथ पर चितरपुर ग्राम के पास घटी जहां नगर मंदिर से पूजा कर आरा ग्राम लौट रहे एक मोटरसाइकिल में सवार पूरन यादव 23 वर्ष पिता प्रभु यादव ग्राम बड़गांव थाना टंडवा, भुवनेश्वर कुमार 18 वर्ष पिता एवं उसकी बहन रेणु कुमारी 17 वर्ष पिता धनेश्वर यादव दोनों ग्राम आरा घायल हो गया। आसपास के ग्रामीणों के सहयोग से तीनों घायलों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सक डॉक्टर सुरेश राम द्वारा प्राथमिक ईलाज के बाद छुट्टी दे दी गई। मिली जानकारी के अनुसार एक मोटरसायकिल में सवार होकर नगर मंदिर से पूजा कर वापस आरा जा रहा था इसी दौरान चितर पुर ग्राम के समीप एक जानवर को बचाने के क्रम में असंतुलित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

### अंचलाधिकारी की पोस्टिंग शीघ्रनही हुई तो होगा आंदोलनः प्रतुल

**चंदवा।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने चंदवा में अविलंब अंचलाधिकारी की पोस्टिंग की मांग मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से की है। प्रतुल ने ट्वीट कर मुख्यमंत्री को याद दिलाया की चंदवा में पिछले पौने दो वर्षो से अंचलाधिकारी की पोस्टिंग नहीं हुई है, यहां दो नए बड़े कोल ब्लॉक संचालित होना है। मुआवजे की राशि का भी भुगतान होना है। दर्जनों जगह पर बड़े भूमि विवाद हैं। प्रतुल ने अपने 2 अप्रैल के ट्वीट को रिट्वीट करते मुख्यमंत्री को याद दिलाया कि यह मांग उन्होंने पहले भी की थी। प्रतुल ने कहा की चंदवा की जनता भी चाहती है कि अविलंब पूर्णकालिक अंचलाधिकारी की पोस्टिंग हो। प्रतुल ने कहा की यदि अति शीघ्र अंचलाधिकारी की पोस्टिंग चंदवा में नहीं हुई तो क्रमबद्ध आंदोलन की शुरूआत होगी। सबसे पहले अंचल कार्यालय चंदवा के सामने धरना फिर डीसी कार्यालय लातेहार का घेराव उसके बाद प्रोजेक्ट बिल्डिंग,रांची के सामने भी प्रदर्शन होगा। प्रतुल ने बताया कि तिथियों की घोषणा जनता के साथ गहन विचार विमर्श करके शीघ्र किया जाएगा।

## स्पीड न्यूज

### पेड़ से गिरकर एक युवक घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र के नगड़ा ग्राम में सोमवार को आम के पेड़ से गिरकर दीपक कुमार 15 वर्ष पिता गोवर्धन साव ग्राम नगड़ा घायल हो गया। परिजनों द्वारा घायल अवस्था में दीपक कुमार को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सक डॉक्टर सुरेश राम द्वारा प्राथमिक इलाज के बाद छुट्टी दे दी। परिजनों ने बताया कि दीपक कुमार अपने घर के बगल के एक आम के पेड़ में चढ़कर आम तोड़ रहा था। इसी बीच आम की डाली टूट जाने के कारण वह नीचे गिर गया और घायल हो गया।

### सियानी टोला में जला ट्रांसफार्मर, एक सप्ताह से अंधेरे में डूबा गांव

**चंदवा।** प्रखण्ड के हुटाप पंचायत अंतर्गत बोरसीदाग गांव का सियानी टोला पिछले एक सप्ताह से अंधकार में हैं। यहां पर लगा 25 केवीए ट्रांसफॉर्मर जल गया है, जिसके कारण करीब 25 घरों में अंधेरा में छाया हुआ है। ग्रामीणों में बिजली विभाग से ट्रांसफॉर्मर को बदलने की मांग करते हुए दुरुस्त करने की मांग की है। ग्रामीणों में बताया कि एक सप्ताह पूर्व अचानक से ट्रांसफार्मर खराब हो गया, जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही है। दैनिक दिनचर्या में भी इसका असर पड़ रहा है। गर्मी में लोग बिना बिजली के कैसे जिंदगी जिएंगे, विभाग जल्द इसे ठीक करें।

### बराती वाहन दुर्घटनाग्रस्त पांच घायल, रिम्स रेफर

**बालूमाथ।** बालूमाथ-पांकी मुख्य पथ पर सोमवार की अहले सुबह करीब चार बजे एक बाराती गाड़ी अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई जिसमें सवार पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार उक्त बराती वाहन डाल्टेनगंज से वापस हजारीबाग जिले के केरेडारी प्रखंड जा रहा था। इसी दौरान हेरहंज ग्राम के पास ड्राइवर को झपकी आ गई और बराती वाहन असंतुलित होकर पेड़ से जा टकराया। जिससे उसमें सवार पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया। सभी घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए रांची रिम्स रेफर किया गया।

# डीसी ने जागरूकता रथ को किया रवाना

खबर मन्त्र संवाददाता



हरी झंडी दिखाकर रवाना करते डीसी व अन्य

**लातेहार।** बिजली बिल ब्याज माफी योजना (एक) मुश्त समाधान योजना 2023) के तहत आम लोगो को जागरूक करने के उद्देश्य से सोमवार को समाहरणालय परिसर से उपायुक्त भोर सिंह यादव द्वारा जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह जागरूकता रथ जिले के सभी प्रखंडों एवं गाँवो में घुम-घूम कर आम लोगों को सरकार के द्वारा चलाई जा रही बिजली बिल ब्याज माफी योजना 2023 के बारे में जागरूक करने का कार्य करेंगी।

**क्या है बिजली बिल ब्याज माफी योजना :** इस योजना के तहत 31 दिसंबर 2022 तक के बकाये बिजली बिल का एकमुश्त भुगतान करने पर ब्याज माफ, बिजली बिल ब्याज माफी का भुगतान 5 आसान किश्तों में करने की सुविधा दी जा रही हैं, घरेलू (शहरी एवं ग्रामीण) श्रेणी एवं कृषि व सिंचाई, निजी श्रेणी के उपभोक्ताओं को भी योजना से आच्छादित किया जाएगा। यह बिजली बिल माफी योजना 01 अप्रैल 2023 से 30 जुन 2023 तक लागू है, बकायेदार विच्छेदित (एलडी) लीगल नोटिस एवं सर्टिफिकेट केस घरेलू उपभोक्ता (शहरी एवं ग्रामीण) को भी इस योजना का लाभ दिया जाएगा।

# हाथियों के झुंड ने जमकर उत्पात मचाया

## हाथियों के झुंड ने घर को किया ध्वस्त, फसलों को किया बर्बाद

खबर मन्त्र संवाददाता



हाथियों के द्वारा ध्वस्त किया हुआ घर व जानकारी देती पीड़ित व विद्यालय का तोड़ा गया खिड़की

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के झाबर पंचायत के डेम्बू ग्राम स्तिथ नदी पार टोला में रविवार देर रात एक दर्जन से अधिक हाथियों के झुंड ने जमकर उत्पात मचाया। जहां नदी पार टोला निवासी रमेश टाना भगत पिता स्व परमेश्वर भगत के घर को ध्वस्त कर दिया और घर में दर्जनों बोरा रखा हुआ चावल चना, गेहूं, रहड़, बटुरा, आलू को चट कर गए। साथ ही गांव में धनेश्वर टाना भगत के खेत में लगे मक्का के फसल को रौंद डाला। वहीं रमेश टाना भगत, धनेश्वर टाना भगत का पेड़ो में लगे कटहल को खा गए।

घटना की सूचना पाकर भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा, एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार, झाबर मुखिया पति बासुदेव उरांव मौके पर घटनास्थल पहुंचकर मामले की जानकारी ली और पीड़ित परिवार के नुकसान की भरपाई के लिए वन विभाग से उचित मुआवजा देने की मांग किया।

मौके पर भाजपा किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष रघुनंदन सोनी, गजेंद्र, हिमांशु, कुलेश्वर प्रजापति, रमेश टाना भगत, धनेश्वर टाना भगत, महेंद्र टाना भगत, सुरेंद्र टाना, रूपेश यादव, रामजीत यादव, अमित भगत, सुमित भगत समेत दर्जनों ग्रामीणों मौजूद थे। वही जंगली हाथियों द्वारा शेरेगड़ा पंचायत भालुवाही ग्राम पहुंचकर उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय के खिड़की को तोड़कर वहां रखा हुआ कुर्सी टेबल को तोड़ डाला। जबकि हाही ग्राम निवासी स्व. झमन गंझु के घर को ध्वस्त कर कई समान को क्षतिग्रस्त कर दिया। ज्ञात हो कि झमन गंझु के घर को पिछले वर्ष भी हाथियों के झुंड तोड़ दिया था।

# 50 % अनुदान पर धान बीज वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ



मौके पर उपस्थित लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** गैरेज लेन स्थित चंदवा लैंपस परिसर में सोमवार को कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग झारखंड सरकार एवं बिरसा बीज उत्पादन विनियम, वितरण एवं फसल विस्तार योजना के तहत 50 प्रतिशत अनुदान पर बीज वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन सहायक तकनीकी प्रबंधक रागिनी कुमारी, समाजसेवी रामयश पाठक व अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से 7 किसान प्रेम उरांव, बुटन गंझू, बाबूलाल गंझू, सकुन्ती देवी,गुजरा गंझू, सुदेशी गंझू व प्रदीप मुंडा को अनुदानित मूल्य पर धान बीज प्रदान कर किया। सहायक तकनीकी प्रबंधक रागिनी कुमारी ने कहा कि किसानों को सस्ते दर व उचित समय पर उन्नत बीज मुहैया कराने के उद्देश्य से उक्त योजना लाई गई है। किसान भाई ज्यादा से ज्यादा संख्या में योजना का लाभ उठाकर बीज की खरीददारी करें। सरकार द्वारा आईआर-64 धान स्वीकृत दर 39 रुपये है, जिसे 19 रुपये 50 पैसे की दर से किसानों को उपलब्ध कराई जा रही है। एक किसान अधिकतम 90 कि लोग बीज की खरीदारी अनुदानित मूल्य पर कर सकता है। मौके पर कांग्रेस नेता असगर खान, माकपा नेता अयूब खान, लैम्पस प्रबंधक विजय कुमार प्रसाद, शिव प्रसाद, गन्दरू उरांव, मांडू उरांव, विनोद प्रसाद समेत कई लोग मौजूद थे।

थंडरस्टॉर्म एवं लाईटनिंग से बचाव के लिए किया गया एडवाईजरी जारी, सतर्क रहने की अपिल

# पेड़ों के नीचे शरण न लें, बिजली के उपकरण, फोन का उपयोग न करें

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने थंडरस्टॉर्म एवं लाईटनिंग से बचाव के लिए एडवाईजरी जारी किया है। जिसमें बताया गया कि क्या क्या करें। बाहरी गतिविधियों में भाग लेने से पहले मौसम के पूर्वानुमान की जाँच करें। यदि आप आंधी और बिजली देखते हैं, तो घर के अन्दर ही रहें।, प्रतिकूल मौसम के दौरान विशेष रूप से कृषि क्षेत्र में काम करने मवेशियों को चराने, मछली पकड़ने और नाव चलाने या सामान्य रूप से घर से बाहर न निकलें या यात्रा न करें। जब गर्जना गरजे तो सुरक्षित आश्रय के अंदर रहें। सुरक्षित आश्रयों में घर कार्यालय इत्यादि शामिल हैं, शॉपिंग सेंटर और हार्ड-टॉप वाहन जिनकी खिड़कियां लुढ़की हुई है। अगर आप बाहर फंसे हुए हैं और पास में कोई सुरक्षित आश्रय नहीं है, तो तुरन्त वहां पहुंचें। पहाड़ियों, पर्वत श्रृंखलाओं या चोटियों जैसे ऊचे क्षेत्रों से दूर रहें।, यदि आप किसी खुले क्षेत्र में फंस गये हैं, तो तुरंत वहां से खुद को खतरे से हटाने हेतु कार्रवाई करें। आदर्श रूप से निचले इलाके में एक आश्रय खोजें और सुनिश्चित करें कि चुने गये जगह में बाढ़ आने की संभावना नहीं हो। झुनझुनी के साथ आपकी गर्दन के पीछे खड़े बाल संकेत कर सकते हैं वह बिजली आसन्न है। तलाबों, झीलों और अन्य पानी से तुरंत बाहर निकलें और दूर रहें।, बिजली का संचालन करने वाली सभी उपयोगिता लाइनों और वस्तुओं से दूर रहें (टेलीफोन बिजली, तार के बाड़, ओवरहेड तार, रेल-सड़क की पटरियां, पवन चक्कियां आदि) पेड़ और पहाड़ी की चोटी, रबर-सोल वाले जूते और कार के टायर बिजली गिरने से सुरक्षा प्रदान नहीं करते हैं। यदि आप आंधी के दौरान एक समूह में हैं तो जोखिम कम करने के लिए पर्याप्त दूरी बनाये रखें।

**क्या न करें :** प्रतिकूल मौसम के दौरान विशेष रूप से कृषि क्षेत्र में काम करने, मवेशी चराने, मछली पकड़ने और नाव चलाने के लिए बाहर न जाएं। यदि आप वन क्षेत्र में हैं तो छोटे और बौने वृक्षों के नीचे आश्रय लें। बिजली या टेलीफोन के खंभे या पेड़ों के नीचे शरण न लें। ये बिजली को आकर्षित करते हैं। धातु की वस्तुओं का उपयोग न करें और बाइक, बिजली या अन्य चीजों से दूर रहें। टेलीफोन के खंभे, तार की बाड़, मशीन आदि। बिजली के उपकरण, तार वाले फोन इत्यादि का उपयोग न करें।

यदि आप खुले मैदान/आउटडोर में काम कर रहे हैं और आपके पास सुरक्षित स्थान पर आश्रय लेने का समय पर्याप्त नहीं है, गेंद जैसी टक करके और जमीन के साथ न्यूनतम सी के साथ अपने कानों पर हाथ रखें और अपने आप को एक छोटा लक्ष्य बनाएं। बिजली चमकने के दौरान कभी भी मोबाईल फोन का इस्तेमाल न करें। लोहे की छड़ वाले छाते का प्रयोग न करें।

## एक नजर में

### मतकोमा व कसमार सीमावर्ती जंगल से वनकर्मी ने लगभग 40 पीस सखुआ बोटा को किया जब्त



जब्त सखुआ का बोटा

**बारियातू।** प्रखंड क्षेत्र के मतकोमा कसमार सीमावर्ती क्षेत्र से वन विभाग ने कार्रवाई करते हुए लगभग 40 पीस सखुआ का बोटा जब्त किया है। उक्त सम्बन्ध मे जानकारी देते हुए वनपाल मंगल सिंह ने बताया कि लातेहार डीएफओ रौशन कुमार को गुप्त सूचना मिली थी की लकड़ी तस्करों द्वारा मतकोमा व सिमावर्ती जंगल में अवैध सखुआ का बोटा काटकर छुपा कर रखा गया है। डीएफओ के निदेर्शानुसार वन विभाग की टीम सक्रिय होकर छापामारी अभियान चलाकर लगभग 40 पीस सखुआ का बोटा जंगल से जब्त कर बालुमाथ रेंज ऑफिस में ले जाया गया। तस्करों को धर पकड़ के लिए अनुसंधान जारी है। साथ ही बताया विभाग का अभियान लगातार जारी रहेगा। छापामारी अभियान में वनपाल मंगल सिंह के अलावा कई वाचर शामिल थे। ज्ञात हो की बारियातू प्रखंड क्षेत्र मे कई वनरक्षी पदास्थपित हैं। लेकिन दिन प्रतिदिन जंगलो की कटाई हो रही है।

### सामाजिक संस्था सुकन्या सामाजिक जन सहयोग फाउंडेशन ट्रस्ट ने सभी पंचायत प्रभारियो के साथ किया बैठक



बैठक करते ट्रस्ट के लोग

**लातेहार।** महिलाओं को स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में लगातार कार्य कर रही सामाजिक संस्था सुकन्या सामाजिक जन सहयोग फाउंडेशन ट्रस्ट सोमवार को बालूमाथ प्रखण्ड पंचायत भवन मे सभी पंचायत प्रभारियो के बीच बैठक किया गया। सभी पंचायत प्रभारी ने अपने पंचायत मे बेहतर ढंग से काम कैसे होगा। इसके उपर सुझाव दिया गया। जिला प्रभारी राजु सिह ने बताया कि ट्रस्ट का मुख्य उद्देश्य गरीब एवं असहाय लोगो का मदद करना, साथ ही बेटी बचाओ बेटी पढाओ ये अभियान पुरे लातेहार जिला मे चलाई जा रही है। वहां उपस्थित सभी पंचायत के ग्रामीणो को बताया की आज के समय मे जन्म प्रमाणपत्र बनवाने बहुत सारी परेशानी होती है। लेकिन ट्रस्ट के माध्यम से 10-15 दिन के अदर ग्रामीणो को घर बैठे मात्र 300 में पहुंचाए जा रही है। आगे बताया की संस्था महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने के लिए संस्था की ओर से मोमबत्ती,अगरवत्ती ,सिलाई ,कढ़ाई ,ब्यूटीशियन ,मशरूम, पापड़, आदि प्रशिक्षण दिलाया जाता है। जिससे महिलाएं अपने आप आत्म निर्भर बन सके। हमारे संस्था चार साल से गरीब लड़कियो के पढ़ाई में सहयोग हेतु पठन पाठन समग्री एवं लड़कियो के शादी के समय भी आर्थिक एवं सामाजिक सहयोग करते आ रहे है। मौके पर पंचायत प्रभारी कौशल्या देवी, सीमा देवी, रिता देवी, प्रखण्ड प्रभारी सरस्वती देवी सहित सभी प्रभारी मौजूद थे।

## कोर्ट नोटिस

अदालत सिविल जज सीनियर डिवीजन- 11,लोहरदगा।
23/2020
ओरिजनल (पार्टीशन) सूट नम्बर-
सुमन खाखा तथा अन्य
वादीगण बनाम कारलस खाखा तथा अन्य
प्रतिवादीगण
नोटिस बनाम
प्रतिवादी संख्या-
1. जोती सुलेमान खाखा
2. प्रमोद खाखा दोनों पिता स्व० निर्मल खाखा
3. मनोज खाखा 4. अभय खाखा दोनों पिता स्व० जीवन खाखा
5. अजीत खाखा पिता स्व० सुखविलास खाखा
6. प्रकाश खाखा पिता स्व० इलियास खाखा
7. चरण खाखा 8. प्रदीप खाखा दोनों पिता स्व० शेलेश खाखा
9. राज खाखा 10. रोहित खाखा
11. हर्षित खाखा तीनों पिता स्व० गोलोरिस खाखा,
सभी निवासी ग्राम कुडू नावाटोली, थाना कुडू जिला लोहरदगा, झारखण्ड।

बजरिये इस नोटिस के द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि वादीगण ने आपके विरूद्ध उपरोक्त ओरिजनल (पार्टीशन) सूट इस न्यायालय में दाखिल किया है, जिसकी सुनवाई की तिथि दिनांक 15.06.23 को समय प्रातः 7.30 बजे तय की गयी है। इसके पूर्व आपलोगों को नजारत के माध्यम से तथा स्पीड पोस्ट द्वारा सूचना दी जा चुकी है।

अतः आप उक्त तिथि को स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर बाद की समुचित पैरवी करें, अन्यथा आपके अनुपस्थिति में बाद की कारवाही एकपक्षीय कर दी जायेगी। इसे ताकिद जानें।

मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से आज दिनांक 02.0623 ई० को जारी किया गया।

सिविल जज सीनियर
डिवीजन-11,लोहरदगा ।

# मनिका थाना क्षेत्र में पारा शिक्षक पर मानव तस्करी करने का एक पिता ने लगाया आरोप

### बहला फुसलाकर तमिलनाडु में किसी के पास बेचा, बच्ची ने अपनी मौसी को फोन कर दी जानकारी

खबर मन्त्र संवाददाता



जानकारी देते लड़की का पिता

**मनिका।** मनिका थाना क्षेत्र में मानव तस्करी करने का मामला प्रकाश में आया है ताजा मामला थाना क्षेत्र अंतर्गत लाली गांव स्थित बूढ़ाखैर टोला का है जहां गांव के चैतू सिंह नामक व्यक्ति ने अपने हीं गांव के पारा शिक्षक सुरेश राम एवं सुरेश राम की पुत्री रूबी देवी पर अपनी 18 वर्षीय बेटी मनीषा कुमारी को बहला फुसलाकर तमिलनाडु ले जाकर बेचने का आरोप लगाया है। मामले के विषय में जानकारी देते हुए चैतू सिंह ने बताया कि 25 मई दिन गुरुवार को हमारी बेटी मनीषा कुमारी को हम लोगों को बिना बताए सुरेश राम की बेटी रूबी देवी और उसके पिता सुरेश राम दोनों मिलकर बहला-फुसलाकर तमिलनाडु ले गया है इस बारे में हमारे परिवार के किसी भी सदस्यों को भी नहीं बताया है। जब हम लोग खोजबीन करने लगे तो हमारी बेटी के बारे में अगल-बगल से कुछ भी पता नहीं चला। तभी कुछ दिनों बाद हमारी बेटी मनीषा कुमारी अपनी मौसी के पास फोन करके बताया कि रूबी देवी और उसके पिता उसे अपने साथ तमिलनाडु ले गई है। उसके बाद से ना तो हमसे और ना ही हमारे परिवार के किसी भी सदस्य से हमारी लड़की का कोई संपर्क नहीं हुआ है। जिस नंबर से हमारी बेटी ने फोन करके अपनी मौसी से बात की थी उस नंबर पर फोन लगाने पर बात नहीं हो पा रहा है। वहीं चैतू सिंह ने कहा कि जब पारा शिक्षक सुरेश राम के यहां पूछने गए कि आप लोग हमारी बेटी को कहां ले कर गए हैं तो सुरेश राम बोलने लगा कि हम तुम्हारी बेटी का जिम्मा लिए हैं हमको पता नहीं है कि तुम्हारी बेटी कहां है। लड़की के पिता ने कहा कि मुझे विश्वास है कि सुरेश राम एवं रूबी देवी दोनों मिलकर हमारी बेटी को तमिलनाडु ले जाकर बेच दिया है। चैतू सिंह ने अपनी बेटी को बहला-फुसलाकर तमिलनाडु ले जाने के खिलाफ लिखित आवेदन मनिका थाना में देने की बात कहा है।

### एमएस महाबोधी इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया का हुआ शुभारंभ

**लातेहार।** जिला मुख्यालय स्थित पानी टंकी आईडीबीआई बैंक के समीप एमएस महाबोधी इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया का शुभारंभ किया गया। जिसका उद्घाटन पूर्व जिप सदस्य महेश सिंह, नगर पंचायत उपाध्यक्ष नवीन कुमार सिन्हा के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। वहीं पुरोहित त्रिभुवन पांडे द्वारा विधिवत पूजन कर इंस्टीट्यूट का शुभारम्भ किया गया। वहीं संचालक कौशल्या कुमारी ने बताया कि कंप्यूटर बेसिक सर्टिफिकेट कोर्स, डाटा एंट्री वर्क सर्टिफिकेट कोर्स, डीटीपी वर्क सर्टिफिकेट कोर्स समेत विभिन्न प्रकार के कई कोर्स कराए जा रहे हैं। मौके पर जेई अंकित कुमार, शमशाद आलम, राजदेव मेहता, रविंद्र कुमार,अमरावती देवी, समेत कई लोग उपस्थित थे।

